# Departmental Activities

a. The Department of Political Science organized a written Quiz on Indian Constitution on November 2, 2022.

b. The Department the Department of Political Science organized an extension lecture to celebrate constitution day on November 14, 2022.The keynote Speaker was Dr. Rajiv verma.



# संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 'ऐक्सपर्ट लेक्चर' का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 14 नवम्बर : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के राजनीतिक विज्ञान तथा लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 'ऐक्सपर्ट लेक्चर' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्री राजीव वर्मा ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व व गरिमा के बारे में बताते हुए भारतीय संविधान पर एक विशेष व्याख्यान दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने मुख्यवक्ता का आभार व्यक्त किया तथा अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को संविधान दिवस का महत्व बताया। मंच संचालन प्राध्यापिका प्रियंका बोस ने किया। इस अवसर पर ''संविधान'' विषय पर आधारित एक लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र कुलदीप शर्मा ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र भावुक कुमार ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा कनिका बंसल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजनीतिक विज्ञान तथा लोक प्रशासन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शम्मी नागपाल ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कारस्वरूप नकद राशि व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकगणों तथा विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकगण डॉ. रमेश पूनिया, मनदीप सिंह तथा राजीव तुर्किया उपस्थित रहे।

c. The Department of Political Science in collaboration with Departments of Public Administration and Mass Communication organized a visit to the Parliament of India for the respective students on 10.02.2022.

# डीएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया संसद भवन व अमृत उद्यान का भ्रमण



**दैनिक पाठकपक्ष**

**हिसार, 10 फरवरी :** दयानंद महाविद्यालय हिसार के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के 38 सदस्यीय दल ने संसद भवन दिल्ली में चल रहे शीतकालीन सत्र में दर्शक दीर्घा में बैठकर संसदीय प्रणाली को अच्छे तरीके से जाना। लोकसभा के सत्र को देखकर विद्यार्थियों को लोकतंत्र व भारतीय संविधान को अच्छी तरह से जानने समझने का मौका मिला। इस दौरान विद्यार्थी लोकसभा में होने वाली संसदीय कार्रवाई से अवगत हुए। साथ ही विद्यार्थियों ने पक्ष–विपक्ष के नेता, पत्रकारों, सांसदों व अतिथियों से मुलाकात कर व बैठकर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ के सदस्य प्रो. मंजीत सिंह, प्रो. नरेंद्र कुमार, प्रो. नरेंद्र सोनी, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. रेखा रानी व प्रो. राजीव तुर्किया उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने इससे पहले राष्ट्रपति भवन सहित अमृत उद्यान का भी दौरा किया व वहां प्रदर्शित हुए विभिन्न प्रकार के उद्यान व फूलों की जानकारियां ली। अमृत उद्यान में प्रत्येक फूल के पास क्यूआर कोड लगाया गया था ताकि उससे संबंधित सारी जानकारियां ली जा सके। राष्ट्रपति भवन पहुंचकर विद्यार्थियों ने वहां मौजूद अधिकारियों से उसके इतिहास के बारे में जानकारी हासिल की। शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन दयानंद महाविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा करवाया गया था जिसमें राजनीतिक विज्ञान व लोक प्रशासन विभाग के विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की।

दयानंद महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी नरेंद्र सोनी ने बताया कि संसद की कार्रवाई को देखना मीडिया के विद्यार्थियों के लिए रोमांचक अनुभव था। विद्यार्थी संसद के बारे में जो बातें पुस्तकों में पढ़ते थे व लोकसभा राज्यसभा संसद टीवी पर देखते थे उन सभी से साक्षात रूबरू होने का मौका मिला। विद्यार्थी संसद की व्यवस्था को जानकर अभिभूत हुए।

हिसार लोकसभा के सांसद श्री बृजेंद्र सिंह जी ने सत्र दिखाने हेतु ग्रुप पास का प्रबंध करवाया व उनके पीए वरूण तिवारी द्वारा सत्र का भ्रमण करवाया गया। इसके अलावा सांसद महोदय ने संसद का इतिहास उसकी भौगोलिक संरचना आदि जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की।

दयानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों की संविधान के प्रति रुचि बढ़ती है। जनसंचार विभाग ने यह शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करके बच्चों को प्रैक्टिकल नॉलेज हेतु सराहनीय कार्य किया है, इसके लिए विभाग अध्यक्ष श्री मंजीत सिंह बधाई के पात्र हैं। यह भ्रमण मनोरंजन के साथ–2 ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

दयानंद महाविद्यालय के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनजीत सिंह ने बताया कि संसद में मौजूद अधिकारियों द्वारा लोकसभा की बैठकों के साथ ही संयुक्त अधिवेशन किस कक्ष में होता है और वहां की क्या व्यवस्थाएं होती हैं यह जानकारी भी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई। संसद का सत्र किस प्रकार से चलता है कौन–कौन उस में भाग ले सकते हैं इसके अलावा पूछे गए तमाम सवालों के जवाब भी अधिकारियों ने उपलब्ध करवाए।

d. The Department of Political Science in collaboration with Departments of Economics & Management organized an essay writing competition on 08.02.2022.




e. The Department of Political Science organized a State level Quiz Competition on the topic Indian Constitution on February 22,2023.




DAYANAND COLLEGE, HISAR
STATE LEVEL INTER COLLEGE
QUIZ COMPETITION
Organized by
Departments Of Political Science
and Public Administration
Chief Guest
Prof. Avnesh Verma
Registrar, GJU S&T, Hisar
DATE : 22nd FEB. 2023 • TIME : 10:30 AM
VENUE : HANSRAJ HALL
Principal
Dr. Vikramjit Singh
Dayanand College, Hisar
A
B
C
D
E
GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
5P57+9XG, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana
125001, India
Lat 29.158712°
Long 75.714846°
22/02/23 11:08 AM GMT +05:30
Google